

हिंदी दैनिक खबर

# केशववाणी

हर पल, हमारी खबर

शनिवार 27 जून 2026 वर्ष 02 अंक 167 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com

**अनमोल वचन**

*जीवन में चुनौतियों का सामना करना अनिवार्य है, लेकिन उन्हें हल करना आपके अंदर की ताकत और क्षमता का परिचय देता है।*

## उच्च शिक्षा में सुधार को लेकर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट पटना (बिहार)।** राज्य की उच्च शिक्षा व्यवस्था में गुणात्मक सुधार, प्रशासनिक सुढ़ीकरण एवं विश्वविद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक माहौल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बिहार लोक भवन में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता माननीय राज्यपाल–सह–कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सय्यद अता हसनैन एवं माननीय मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने संयुक्त रूप से की। बैठक में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में लागू की जा रही नई पहलों एवं सुधारात्मक कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई। राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने, सुशासन को मजबूत करने तथा संस्थागत व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया। समीक्षा के दौरान राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में पारदर्शी एवं जवाबदेह प्रशासन विकसित करने, डिजिटल गवर्नेंस को बढ़ावा देने, प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने तथा शैक्षणिक उत्कृष्टता सुनिश्चित करने के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई। दोनों शीर्ष नेताओं ने संबंधित अधिकारियों को सुधार कार्यों में तेजी लाने तथा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में उच्च शिक्षा संस्थानों को आधुनिक, पारदर्शी एवं छात्र–केंद्रित बनाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाने पर भी बल दिया गया। इसके अलावा विश्वविद्यालयों में प्रशासनिक सुधार, तकनीक आधारित कार्यप्रणाली और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए।

## बिहार में मानसून ने पकड़ी रफ्तार, आज 12 जिलों में आंधी–बारिश का ऑरेंज अलर्ट



**केशववाणी कुमार अभिषेक की रिपोर्ट पटना (बिहार)।** बिहार में मानसून अब सक्रिय होने लगा है, जिससे प्रदेशभर में बारिश का दौर शुरू होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र ने शनिवार को राज्य के 12 जिलों के लिए आंधी और बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के शेष 26 जिलों में सुबह से धूप निकलने और मौसम सामान्य रहने की संभावना है। हालांकि अगले दो से तीन दिनों के भीतर मानसून पूरे बिहार में सक्रिय हो जाएगा, जिससे अधिकांश जिलों में अच्छी बारिश होने की उम्मीद है। बीते 24 घंटों के दौरान सीतामढ़ी, बगहा, समस्तीपुर, सीवान, गोपालगंज, भागलपुर और पटना के कुछ हिस्सों में बारिश दर्ज की गई, जिससे लोगों को गर्मी से आंशिक राहत मिली। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, मानसून के प्रभाव से 29 जून तक राज्य के अधिकतम तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आ सकती है। जून के अंतिम दिनों में मानसून का असर और बढ़ेगा तथा अधिकांश जिलों में हल्की से मध्यम बारिश का सिलसिला जारी रहेगा।मौसम विभाग का कहना है कि सीमांचल, कोसी और पूर्वी बिहार के जिलों में मानसून का प्रभाव सबसे अधिक रहेगा। इसके अलावा उत्तर बिहार के कई इलाकों में भी मध्यम से तेज बारिश होने की संभावना है। वहीं पूर्वी और उत्तर–पूर्वी जिलों के कुछ स्थानों पर भारी बारिश भी हो सकती है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र लगातार मजबूत हो रहा है। इसके कारण प्रदेश में नमी बढ़ रही है, जिससे वर्षा की गतिविधियों में तेजी आने की संभावना है। राजधानी पटना में शनिवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहने के साथ हल्की बारिश और तेज हवा चलने का अनुमान है। बारिश के कारण दिनभर मौसम सुहावना रहने और गर्मी व उमस से लोगों को राहत मिलने की उम्मीद जताई गई है।

## टाउन हॉल में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान का समापन मंत्री श्रवण कुमार ने दिलाई नशा मुक्त समाज की शपथ


### नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को किया गया जागरूक




**केशववाणी गुड्डू कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, भारत सरकार के तत्वावधान में नेशनल एक्शन प्लान फॉर ड्रग डिमांड रिडक्शन के अंतर्गत संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के तहत 17 जून से 26 जून 2026 तक जिले में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के समापन अवसर पर शुक्रवार को सामाजिक सुरक्षा कोषांग, नालंदा की ओर से बिहारशरीफ स्थित टाउन हॉल में जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर सांसद कौशलेन्द्र कुमार, बिहार सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार, विधान पार्षद रीना यादव, जिला पदाधिकारी उदिता सिंह, उप विकास आयुक्त रंजन कुमार चौधरी, सहायक निदेशक (सामाजिक सुरक्षा) प्राची रिया सहित कई पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अपने संबोधन में मंत्री श्रवण कुमार ने जिले एवं राज्य को नशा मुक्त बनाने का आह्वान करते हुए उपस्थित लोगों को नशा से दूर रहने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है, इसलिए इसके खिलाफ सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। कार्यक्रम में मद्य निषेध विभाग के अधिकारियों एवं मनोचिकित्सा विशेषज्ञों ने नशे के दुष्प्रभावों, स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों तथा कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक, गीत–संगीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भी लोगों को नशा मुक्ति का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में जीविका दीदियां, आंगनबाड़ी सेविकाएं, छात्र–छात्राएं, सामाजिक सुरक्षा कोषांग के कर्मी तथा बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।



अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120,9931609015



# राजगीर मलमास मेला हत्याकांड : जनसुराज के शिष्टमंडल ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात, आर्थिक सहायता सौंपी

## दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी, सरकारी नौकरी व उचित मुआवजे की उठाई मांग

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** राजगीर मलमास मेला के दौरान 14 जून 2026 को झुनकी बाबा मंदिर परिसर में हुई दो युवकों की निर्मम हत्या के मामले में जनसुराज पार्टी का एक शिष्टमंडल शुक्रवार को पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचा। पार्टी नेताओं ने मृतकों के परिजनों को सांत्वना देते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया और इस दुखद घटना को समाज के लिए बेहद चिंताजनक बताया। जनसुराज के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार भारती एवं पूर्व विधायक किशोर मुन्ना के नेतृत्व में पहुंचे शिष्टमंडल ने दीपनगर प्रखंड के जनपुर गांव निवासी मृतक चिंटू पासवान एवं श्रवण पासवान के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान नेताओं ने शोक संतप्त परिवार के सदस्यों का हालचाल जाना, घटना की जानकारी ली और उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान की। साथ ही उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में जनसुराज परिवार पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़ा है। शिष्टमंडल ने घटना को अत्यंत दुखद, अमानवीय एवं निंदनीय बताते हुए कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि हत्या में शामिल सभी आरोपितों की अविलंब गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए तथा उनके विरुद्ध स्पीडी ट्रायल चलाकर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि पीड़ित परिवार को जल्द न्याय मिल सके और भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। नेताओं ने सरकार से मृतकों के आश्रितों को उचित मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी तथा अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ प्रा. थमिकता के आधार पर उपलब्ध कराने की भी मांग की। उनका कहना था कि पीड़ित परिवार आर्थिक और मानसिक रूप से बेहद कठिन दौर से गुजर रहा है, ऐसे में सरकार को संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल राहत प्रदान करनी चाहिए।



इस मौके पर जनसुराज के प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र कुमार विभूति ने कहा कि यह घटना पूरे समाज को झकझोर देने वाली है। उन्होंने कहा कि जनसुराज पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगा और आवश्यकता पड़ने पर आंदोलन का रास्ता भी अपनाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाना चाहिए तथा इस जघन्य हत्याकांड में शामिल सभी जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध निष्पक्ष और कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि न्याय मिलने तक जनसुराज पार्टी पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़ी रहेगी और उनकी हरसंभव मदद करती रहेगी।



# भामाशाह सम्मान समारोह की तैयारी को लेकर वैश्य समाज की बैठक, 5 जुलाई को बिहारशरीफ टाउन हॉल में होगा सम्मान समारोह



**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** आगामी 5 जुलाई को बिहारशरीफ के टाउन हॉल में आयोजित होने वाले भामाशाह सम्मान समारोह की तैयारियों को लेकर अंबेर मुहल्ला में वैश्य समाज की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में समारोह की रूपरेखा, तैयारियों तथा समाज के लोगों की भागीदारी को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के स्वागताध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि भामाशाह सम्मान समारोह का उद्देश्य समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों का सम्मान करना तथा सामाजिक एकता को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि समारोह को सफल बनाने के लिए विभिन्न स्तरों पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं।बैठक में उप. स्थित लोगों से समारोह में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग देने की अपील की गई। वक्ताओं ने कहा कि भामाशाह जैसे महान दानवीर के आदर्शों को समाज तक पहुंचाने के लिए इस प्रकार के आयोजन आवश्यक हैं। बैठक में कार्यक्रम की व्यवस्थाओं, अतिथियों के स्वागत, प्रचार–प्रसार एवं अन्य आवश्यक तैयारियों पर भी विचार– विमर्श किया गया। उपस्थित सदस्यों ने समारोह को सफल बनाने का संकल्प लेते हुए अपने–अपने दायित्वों का निर्वहन करने का भरोसा दिलाया।

# इसलामपुर रेलवे स्टेशन पर नशा मुक्ति को लेकर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित



**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट इसलामपुर (नालंदा)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली, बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पटना, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नालंदा तथा अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति, हिलसा के संयुक्त निर्देशन में शुक्रवार को इसलामपुर रेलवे स्टेशन परिसर में नशा मुक्ति विषयक विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लोगों को मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव, कानूनी प्रावधानों एवं नशा मुक्ति अभियान के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सह जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुशांत कुमार, सचिव राजेश कुमार गौरव, अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति, हिलसा के अध्यक्ष सह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक कुमार पाण्डेय तथा सचिव सह एसडीजेएम कुमारी सावित्री के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। शिविर का संचालन पैनल अधिवक्ता विजय कुमार एवं पीएलवी आलोक कुमार ने किया। शिविर में नालसा DAWN योजना–2025 के तहत नशा मुक्त भारत के लिए मादक पदार्थों के प्रति जागरूकता एवं स्वस्थ जीवन–मार्गदर्शन विषय पर विस्तार से जानकारी दी गई। पीएलवी आलोक कुमार ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के गठन, उद्देश्यों एवं निःशुल्क विधिक सहायता की व्यवस्था पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर, वंचित, दिव्यांग, अनुसूचित जाति–जनजाति, महिलाएं, बच्चे, किन्नर सहित सभी पात्र व्यक्तियों को निशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाती है। साथ ही समय–समय पर मध्यस्थता एवं राष्ट्रीय लोक अदालत का भी आयोजन किया जाता है। पैनल अधिवक्ता विजय कुमार ने कहा कि नालसा DAWN योजना–2025 का उद्देश्य नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोक. थाम, जन–जागरूकता, प्रभावित लोगों को कानूनी एवं सामाजिक सहायता उपलब्ध कराना तथा युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाना है। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर DAWN यूनिट की स्थापना कर नशा निवारण, पुनर्वास और कानूनी सहायता की प्रभावी व्यवस्था विकसित की जा रही है।वक्ताओं ने कहा कि मादक पदार्थों का बढ़ता प्रचलन समाज के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। इससे न केवल स्वास्थ्य प्रभावित होता है, बल्कि सामाजिक और आर्थिक समस्याएं भी बढ़ती हैं। ऐसे में नालसा की यह योजना जागरूकता, पुनर्वास और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से नशा मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। शिविर के दौरान जीवन को हाँ कहें, ड्रग्स को ना कहें का संदेश देते हुए उपस्थित लोगों को नशे से दूर रहने की अपील की गई। कार्यक्रम के अंत में रेलवे स्टेशन परिसर में मौजूद सभी लोगों ने नशा मुक्त भारत के निर्माण का सामूहिक संकल्प लिया। इस अवसर पर उप स्टेशन प्रबंधक सत्येन्द्र बहादुर, सामाजिक कार्यकर्ता राजेश खन्ना, सत्येन्द्र प्रसाद, सूरज कुमार, नरेश प्रसाद, विरेन्द्र पंडित, अमिरक पंडित, दीपक कुमार, रंजीत कुमार, विपिन कुमार, राम बाबू यादव, पवन कुमार, रेखा देवी, ललिता देवी, कुमकुम देवी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।






# मंत्री श्रवण कुमार ने 32.55 लाख से बनी योजनाओं का किया उद्घाटन



**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर(नालंदा)।** ग्रामीण विकास सह सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने शुक्रवार को नगर परिषद राजगीर व प्रखंड के विभिन्न वार्डों में 32 लाख 55 हजार 459 रुपये की लागत से बने ईंट सोलिंग, पीसीसी, नाली सहित अन्य कार्यों का उद्घाटन किया। मंत्री ने मेयार पंचायत के कोलवाबाद में तीन लाख रुपये की लागत से बिट्टु मांझी के घर से अनिल मांझी के घर होते हुए राजु मांझी के घर तक ईंट सोलिंग तथा ढक्कन नाली एवं पीसीसी ढलाई कार्य, नगर परिषद राजगीर के वार्ड नम्बर 13 नीमा में 9 लाख 94 हजार रुपये की लागत से अग्निशामक कार्यालय से लेकर पूरब पइन तक नाला निर्माण कार्य, वार्ड नम्बर 13 नीमा में 9 लाख 68 हजार 500 रुपये की लागत से छबिलापुर रोड से अग्निशामक सीमा पीसीसी ढलाई का शेष बचे भाग में पुल–पुलिया सहित ईंट सोलिंग के साथ पीसीसी ढलाई कार्य और वार्ड नम्बर 11 बड़हरी में 9 लाख 92 हजार 959 रुपये की लागत से कारू महतो के घर से कामता प्रसाद के घर एवं कृष्णा प्रसाद के घर होते आहर तक नाला निर्माण सहित एवं पीसीसी ढलाई कार्य का उद्घाटन किया। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि जब तक गांवों का विकास नहीं हो जाता है तब तक किसी राज्य का असल में विकास नहीं हो सकता है। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सोच थी कि गांव का विकास किया जाय। इसके लिए ही उन्होंने मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना चलाकर गांवों को विकसीत करने का काम किया। आज गांव में लोगों को शहर के जैसी सुविधा मिल रही है। चाहे बिजली हो या नल का जल लोगों तक सुलभ तरीके से पहुंच रहा है। सूबे की मौजूदा सरकार और केन्द्र की सरकार मिलकर लोगों के विकास के लिए काम कर रही है। किसान हो चाहे अन्य लोग सबों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इससे वे आगे बढ़ रहे हैं। राजगीर शहर को पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विश्व पटल पर उभारने का काम किया। इसका ही नतीजा है कि आज यहां पर देश के कोने–कोने से लोग पहुंच रहे हैं। पूरे बिहार में पर्यटन स्थलों का विकास किया गया। इसी कारण अब गोवा से भी अधिक पर्यटक बिहार आते हैं। मौजूदा एनडीए सरकार में हर वर्ग के लोगों का काम हो रहा है। सूबे में शिक्षा हो चाहे स्वास्थ्य हर क्षेत्र में काफी बदलाव हुआ है। सूबे की महिलाएं जीविका से जुड़कर आत्मनिर्भर बनी हैं। सांसद कौशलेन्द्र कुमार ने कहा कि सूबे की सरकार समाज के अंतिम पायदान पर बैठे लोगों के विकास के लिए काम कर रही है। केन्द्र व बिहार की सरकार सभी वर्ग के लोगों के लिए काम कर रही है। इस मौके पर नगर परिषद की सभापति जीरो देवी, जदयू नेता मुन्ना कुमार, जदयू नेता सुबेन्द्र राजवंशी, जदयू के पूर्व नगर अध्यक्ष राकेश कुमार, मीडिया प्रभारी कुमार वेदनिधि, देवेन्द्र कुशवाहा, अजय पासवान सहित अन्य मौजूद थे।




# विधायक के पैतृक घर के पास महीनों से बंद है हाई मास्ट लाइट, अंधेरे में डूबा है गांधी टोला, परेशानी




**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर (नालंदा)।** स्थानीय विधायक के पैतृक घर के पास गांधी टोला वार्ड नंबर 22 के तीन मुहाने पर लगी हाई मास्ट लाइट पिछले कई महीनों से बंद पड़ी है। इसके कारण गांधी टोला, दलित टोला और आसपास का इलाका शाम ढलते ही अंधेरे में डूब जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बाद भी अब तक नगर परिषद और संबंधित विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई है। मोहल्ले के नागरिकों का कहना है कि बंद हाई मास्ट लाइट के कारण क्षेत्र में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा बढ़ने लगा है। रात के समय राहगीरों, महिलाओं और बुजुर्गों को बाजार से घर आने–जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोगों का कहना है कि सुरक्षा की दृष्टि से यह लाइट काफी महत्वपूर्ण थी, लेकिन लंबे समय से खराब रहने के कारण इसका उद्देश्य ही समाप्त हो गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि जब गांधी टोला तीन मुहाने पर हाई मास्ट लाइट लगाई गई थी, तब पूरे इलाके में खुशी का माहौल था। लोगों को उम्मीद थी कि रात के समय बेहतर रोशनी मिलने से सुरक्षा और सुविधा दोनों बढ़ेगी। लेकिन महीनों से लाइट बंद रहने और मरम्मत नहीं होने से लोगों में जनप्रतिनिधियों और नगर परिषद के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। लोगों का यह भी कहना है कि हाल ही में संपन्न मलमास मेले के दौरान भी इसे दुरुस्त नहीं कराया गया। उस समय बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन हुआ था। पूर्व वार्ड पार्षद इन्द्र मोहन सिंह निराला, वार्ड पार्षद डॉ. अनिल कुमार, रंजीत कुमार सहित अन्य लोगों ने अनुमंडल प्रशासन एवं नगर परिषद से अविलंब हाई मास्ट लाइट की मरम्मत कर उसे चालू कराने की मांग की है।

# खरुआरा गांव स्थित देवी मंदिर के पास से एक व्यक्ति को 10.6 लीटर शराब के साथ किया गिरफ्तार

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत(नालंदा)।** हरनौत के चेरो ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत खरुआरा गांव स्थित देवी मंदिर के पास से एक व्यक्ति को पुलिस ने देशी चुलाई हुई शराब के साथ गिरफ्तार किया। चेरो ओपी थाना प्रभारी रौशन कुमार ने शनिवार को बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि खरुआरा गांव के पास स्थित देवी स्थान मंदिर के पास शराब लेकर बेचने का फिराक में था। पुलिस जवानों ने उन्हें घेर कर पकड़ लिया। तलाशी ली गई तो पहले में रखें 10.6 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद हुआ। वही शराब तस्कर थाना क्षेत्र के खरुआरा गांव के घोसी यादव के पुत्र दरोगा यादव है। फिलहाल पुलिस ने अग्रिम कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# छत्रपति शाहूजी महाराज: एक राजा जिन्होंने सामाजिक न्याय को शासन का आधार बनाया




**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** राजगीर में पिंटू पासवान और श्रवण कुमार की हत्या जैसी घटनाएँ भारतीय समाज में जातिगत भेदभाव और हिंसा पर गंभीर प्रश्न खड़े करती हैं। ऐसे समय में सामाजिक न्याय के महान योद्धा छत्रपति शाहूजी महाराज का जीवन और उनके द्वारा किए गए सुधार विशेष रूप से याद आते हैं। कहा जाता है कि उनके शासनकाल में दलित सहायक गंगाराम कांबले के साथ भेदभाव करने वाले सैनिकों के विरुद्ध उन्होंने कठोर कार्रवाई की थी। गंगाराम द्वारा सार्वजनिक तालाब से पानी पीने पर कुछ सैनिकों ने उनके साथ मारपीट की, जिसके बाद शाहूजी महाराज ने दोषियों को दंडित किया और सेवा से भी हटाया। यह संदेश था कि जाति के आधार पर अन्याय किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा। आज भी समाज के कई हिस्सों में दलितों के साथ भेदभाव की घटनाएँ सामने आती हैं। ऐसे दौर में शाहूजी महाराज के सामाजिक सुधार और भी अधिक प्रासंगिक प्रतीत होते हैं। उन्होंने अपने सहयोगी गंगाराम कांबले को चाय की दुकान खोलने के लिए आर्थिक सहायता दी। दुकान का नाम ‘सत्यसुधारक’ रखा गया। जब कथित उच्च जातियों ने उस दुकान का बहिष्कार किया, तब शाहूजी महाराज स्वयं वहाँ चाय पीने पहुँचे और अपने कर्मचारियों को भी वहीं चाय पीने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने गंगाराम को सोडा बनाने की मशीन खरीदने के लिए भी आर्थिक सहायता प्रदान की। यह केवल एक व्यक्ति की मदद नहीं थी, बल्कि सामाजिक समानता का सार्वजनिक संदेश था। शाहूजी महाराज ने अपने राज्य में सार्वजनिक स्थानों पर छुआछूत के विरुद्ध कठोर नियम लागू किए। शिक्षा और रोजगार में पिछड़े वर्गों की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से वर्ष 1902 में उन्होंने अपने राज्य में 50 प्रतिशत आरक्षण लागू किया, जिसे भारत में आरक्षण व्यवस्था की प्रारंभिक ऐतिहासिक पहल माना जाता है।लेखक धनंजय कीर ने अपनी पुस्तक ‘राजर्षि शाहू छत्रपति’ में उल्लेख किया है कि इस नीति के परिणामस्वरूप गैर–ब्राह्मण कर्मचारियों की संख्या और प्रशासनिक सेवाओं में उनकी भागीदारी उल्लेखनीय रूप से बढ़ी। शाहूजी महाराज ने अस्पृश्यता के विरुद्ध अनेक सार्वजनिक कदम उठाए। वे दलित समाज के कार्यक्रमों में शामिल हुए, उनके साथ भोजन और चाय ग्रहण की तथा सामाजिक समानता का संदेश दिया। वर्ष 1920 में उन्होंने दलित छात्रों के लिए छात्रावास निर्माण की भी पहल की। महिलाओं के अधिकारों के क्षेत्र में भी उनका योगदान महत्वपूर्ण रहा। उन्होंने विधवा पुनर्विवाह को बढ़ावा दिया, बाल विवाह और देवदासी प्रथा के विरुद्ध कदम उठाए तथा महिलाओं को कानूनी संरक्षण देने वाले सुधार किए। इन प्रयासों की झलक आगे चलकर डॉ. भीमराव आंबेडकर द्वारा प्रस्तुत हिंदू कोड बिल में भी दिखाई देती है। वर्ष 1922 में दिल्ली में आयोजित अखिल भारतीय अस्पृश्य सम्मेलन में शाहूजी महाराज ने सार्वजनिक रूप से डॉ. बी.आर. आंबेडकर के नेतृत्व की सराहना करते हुए उन्हें दलित समाज का सच्चा नेता बताया। उन्होंने दलित समाज से शिक्षा, प्रशासन, सेना और व्यापार में आगे बढ़ने का आह्वान किया। छत्रपति शाहूजी महाराज का संपूर्ण जीवन सामाजिक समानता, शिक्षा, आरक्षण, महिला अधिकारों और दलित उत्थान के लिए समर्पित रहा। उनके सुधारों ने आधुनिक भारत के सामाजिक न्याय संबंधी विमर्श को गहराई से प्रभावित किया।

# खुदरा रुपये नहीं देने पर दुकानदार को मारी गोली, हालत नाजुक

## मामूली विवाद ने लिया हिंसक रूप, आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की छापेमारी जारी

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** बिहार थाना क्षेत्र के उपरौरा गांव में शुक्रवार की देर शाम मामूली विवाद ने खूनी रूप ले लिया। खुदरा रुपये नहीं देने पर एक युवक ने किराना दुकानदार पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोली सीने में लगने से दुकानदार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। घायल की पहचान उपरौरा गांव निवासी छोटा पंडित के 40 वर्षीय पुत्र त्रिभुवन पंडित के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, त्रिभुवन अपनी किराना दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान गांव का ही एक युवक दुकान पर पहुंचा और खुदरा रुपये मांगे। दुकान में छुट्टे रुपये उपलब्ध नहीं होने पर त्रिभुवन ने असमर्थता जताई। इसी बात से नाराज होकर आरोपी ने पिस्तौल निकाल ली और फायरिंग शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आरोपी ने लगातार दो राउंड फायरिंग की। पहली गोली त्रिभुवन के पैर के पास से निकल गई, जबकि दूसरी गोली उनके सीने में जा लगी। गोली लगते ही वह खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़े। फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोग और परिजन मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी हथियार लहराते



हुए फरार हो चुका था।स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तत्काल बिहारशरीफ सदर अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें पीएमसीएच, पटना रेफर कर दिया। हालांकि, परिजन उन्हें पटना ले जाने के बजाय बेहतर इलाज की उम्मीद में बिहारशरीफ के एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया, जहां उनका उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही बिहार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। विधि–व्यवस्था डीएसपी रामदुलार प्रसाद ने बताया कि मामले की सूचना मिलते ही पुलिस टीम को सक्रिय कर दिया गया है। परिजनों के लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है तथा आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। इलाके में एहतियातन पुलिस बल की तैनाती भी कर दी गई है।

# जदयू नेता छोटे सिंह के श्राद्धकर्म में दिग्गज शामिल, पूर्व सीएम नीतीश कुमार ने पत्र भेजकर संवेदना व्यक्त की



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत(नालंदा)।** हरनौत बाजार में स्थित पटेल नगर मुहल्ले में शुक्रवार को जदयू नेता ओम नारायण सिंह उर्फ छोटे सिंह के श्राद्धकर्म का आयोजन किया गया। इसमें राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के कई दिग्गज नेता शामिल हुए। पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार ने दिवंगत छोटे सिंह के परिजनों को पत्र के माध्यम से अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर नालंदा सांसद कौशलेंद्र कुमार, हरनौत विधायक हरिनारायण सिंह, बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह एमएलसी नीरज कुमार और जदयू जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के कार्यकर्ताओं ने भी छोटे सिंह के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया। मंत्री श्रवण कुमार ने इस दौरान कहा कि ओम नारायण सिंह उर्फ छोटे सिंह न केवल एक समर्पित जदयू कार्यकर्ता थे, बल्कि एक सक्रिय समाजसेवी भी थे। उन्होंने जीवनभर गरीबों, शोषितों और पीड़ितों के उत्थान के लिए कार्य किया। कार्यक्रम में जदयू के राष्ट्रीय महासचिव ई. सुनील कुमार, जदयू प्रखंड अध्यक्ष रविकांत कुमार और जदयू प्रखंड प्रवक्ता रौशन कुमार सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# 28 को पंचायतों में मनाया जाएगा पंचायत विकास दिवस

# सरथा में 28 जून को मनेगा पंचायत विकास दिवस

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड की सभी पंचायतों में 28 जून को पंचायत विकास दिवस का आयोजन किया जाएगा। डीपीआरओ,नालंदा के निर्देश पर प्रखंड प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। बीडीओ डॉ पंकज कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायत स्तर पर विकास योजनाओं की समीक्षा, जनसहभागिता बढ़ाना तथा ग्रामीणों की समस्याओं पर चर्चा करना है। कार्यक्रम में मुखिया, पैक्स अध्यक्ष, जविप्रावि, उपमुखिया, सरपंच, वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य, सीएचओ, सेविका, समाजसेवी ,युवा,जीवीका सीएम, स्कूल हेडमास्टर,वार्ड क्रियान्वयन एवं प्रबंधन समिति के सदस्य गण,पंचायत कार्यकारिणी समिति एवं पंचायत समाजिक न्याय समिति के सदस्यगण सहित अन्य जनप्र. तिनिधि, कर्मी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल होंगे। प्रखंड प्रशासन ने पंचायत प्रतिनिधियों को समय पर सूचना उपलब्ध कराने तथा कार्यक्रम का सफल आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।




कार्यक्रम के आयोजन के बाद उसकी रिपोर्ट एवं अन्य आवश्यक सूचनाएं जिला कार्यालय को भेजी जाएंगी। पंचायतों में संचालित विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा,जनहित से जड़े महों पर चर्चा तथा ग्रामीणों से सुझाव प्राप्त किए जाएंगे। वहीं सरथा पंचायत के सरथा गांव में स्थित सामुदायिक भवन में सुबह 10 बजे से पंचायत विकास  दिवस पंचायत के सतत् विकास हेतु रखा गया है।यह जानकारी पंचायत के पंचायत सचिव विकास कुमार ने दी। उन्होंने ने कहां कि हर महिने के अंतिम रविवार को पंचायत के सतत् विकास हेतु पंचायत विकास  दिवस आयोजित किया जाएगा।

# कल्याण विगहा में 36वीं बिहार स्टेट शूटिंग चौंपियनशिप संपन्न, 372 निशानेबाजों ने दिखाया दम

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** नालंदा जिले के हरनौत प्रखंड स्थित इंडोर शूटिंग रेंज, कल्याण विगहा में आयोजित तीन दिवसीय 36वीं बिहार स्टेट शूटिंग चौंपियनशिप का गुरुवार को सफलताप. ूर्वक समापन हो गया। बिहार राज्य राइफल संघ के तत्वावधान में आयोजित इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिलों से आए कुल 372 निशानेबाजों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में 10 मीटर एयर राइफल और 10 मीटर एयर पिस्टल की विभिन्न स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी निशानेबाजी का कौशल दिखाया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि बिहार स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी, राजगीर के कुलपति शिशिर सिन्हा ने विजेता खिलाड़ियों को पदक एवं प्रमाण–पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि बिहार में निशानेबाजी खेल लगातार आगे बढ़ रहा है और राज्य के खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से अनुशासन, समर्पण और नियमित अभ्यास के साथ आगे बढ़ने का आह्वान करते हुए आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बिहार का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता में पटना, नालंदा, सिवान, आरा, दरभंगा, बेगूसराय, मुंगेर समेत कई जिलों के क्लबों एवं शूटिंग अकादमियों के खिलाड़ियों नेआईएसएसएफ और एनआर इवेंट्स में भाग लिया।




प्रतिभागियों में आईएएस अधिकारियों, बिपार्ड के अधिकारियों के अलावा जूनियर और सब–यूथ वर्ग के बालक–बालिकाएं भी शामिल रहे। प्रतियोगिता के संचालन के लिए दिल्ली, बेंगलुरु सहित अन्य राज्यों से आए तकनीकी विशेषज्ञों की टीम भी मौजूद रही।इस प्रतियोगिता में नालंदा राइफल क्लब के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए। गौरव भारती, पुष्पंजय पटेल, रोहित राज, शिवम कुमार, प्रीति कुमारी, तन्मय राज, आदित्य पटेल, गौरव कुमार और अन्य खिलाड़ियों ने विभिन्न वर्गों में पदक जीतकर जिले का गौरव बढ़ाया। शूटिंग रेंज के प्रभारी उमेश पासवान ने बताया कि यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता थी, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन अब जोनल स्तर की प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। सितंबर–अक्टूबर में पश्चिम बंगाल में संभा. वित जोनल प्रतियोगिता में बिहार के चयनित निशानेबाज हिस्सा लेंगे। समापन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि, तकनीकी विशेषज्ञों एवं अन्य अतिथियों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बिहार राज्य राइफल संघ के सचिव त्रिपुरारी सिंह, उपाध्यक्ष गया प्रसाद, बिपार्ड के डिप्टी डायरेक्टर दीपक कौशिक, अरवल डीटीओ अमन प्रीत, आईएएस अंकुर, समाजसेवी अवधेश कुमार सिंह, कोच कौशल नौगरैया, प्रशिक्षक निलेश कुमार, लक्ष्मी शंकर उज्जैन, अंजन कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

